**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2696**

**उत्तर देने की तारीख: 05.08.2025**

**राष्ट्रीय वयोश्री योजना**

**2696. श्री ईश्वरस्वामी के.:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय वयोश्री योजना को देशभर में क्रियान्वित किया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की कोई अधिकतम सीमा है; और

(घ) यदि हाँ, तो ऐसी सीमाओं का ब्यौरा क्या है और योजना के लाभार्थियों की तमिलनाडु सहित राज्यवार कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क) से (घ):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) के एक घटक 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई)' को कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य 15000 रुपये तक की मासिक आय वाले और आयु संबंधी दिव्यांगताओं/दुर्बलताओं से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को ऐसे शारीरिक सहायक उपकरण और जीवन सहायक यंत्र प्रदान करना है, जो उनके शारीरिक कार्यों को लगभग सामान्य स्थिति में ला सके। यह योजना 01.04.2017 को शुरू की गई थी। इस योजना का कार्यान्वयन एकमात्र कार्यान्वयन एजेंसी 'भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को)' (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम) के माध्यम से किया जाता है।

राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। लाभार्थियों की संख्या का निर्धारण एलिम्को द्वारा आयोजित मूल्यांकन शिविरों के माध्यम से और देश भर में वॉक-इन प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्रों (पीएमडीके) के माध्यम से किया जाता है।

वर्ष 2017 से तमिलनाडु राज्य सहित इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का राज्यवार विवरण **संलग्नक** में दिया गया है।

**संलग्नक**

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2696, जिसका उत्तर दिनांक 05.08.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक

**2017 से राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के लाभार्थियों की राज्यवार सूची**

| राज्यों के नाम | लाभार्थियों की संख्या | उपकरणों की संख्या | उपकरणों का मूल्य रुपये में |
|---|---|---|---|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 347 | 2739 | 21,46,219.00 |
| आंध्र प्रदेश | 9689 | 45359 | 5,49,03,351.36 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2718 | 22418 | 2,53,21,139.11 |
| असम | 26855 | 133609 | 24,17,91,105.52 |
| बिहार | 40794 | 214974 | 36,24,60,699.43 |
| चंडीगढ़ | 660 | 2915 | 66,03,695.31 |
| छत्तीसगढ | 6164 | 34780 | 3,88,42,615.05 |
| दिल्ली | 7881 | 48382 | 5,38,36,291.20 |
| गोवा | 5027 | 23015 | 3,61,72,904.00 |
| गुजरात | 11296 | 49987 | 6,60,40,841.49 |
| हरियाणा | 30875 | 164442 | 22,17,03,905.41 |
| हिमाचल प्रदेश | 2539 | 13122 | 2,08,45,485.55 |
| जम्मू और कश्मीर | 7492 | 35875 | 5,75,61,956.55 |
| झारखंड | 9436 | 52193 | 8,34,22,238.63 |
| कर्नाटक | 17010 | 64921 | 11,29,91,436.84 |
| केरल | 6087 | 19429 | 2,99,90,425.55 |
| लद्दाख | 323 | 1555 | 26,21,461.85 |
| लक्षद्वीप | 876 | 2949 | 53,30,101.72 |
| मध्य प्रदेश | 32671 | 194080 | 23,09,87,900.55 |
| महाराष्ट्र | 117316 | 815750 | 1,05,99,88,619.61 |
| मणिपुर | 8271 | 61856 | 9,72,01,573.44 |
| मेघालय | 10302 | 65757 | 8,63,44,659.95 |
| मिजोरम | 1678 | 7092 | 1,21,13,090.81 |
| नागालैंड | 7265 | 44073 | 5,39,92,219.97 |
| ओडिशा | 10996 | 53330 | 9,28,24,215.90 |
| पुदुचेरी | 2671 | 6870 | 97,97,471.58 |
| पंजाब | 11744 | 60775 | 10,29,54,176.98 |
| राजस्थान | 26886 | 141330 | 17,29,88,123.37 |
| सिक्किम | 3156 | 25608 | 2,91,61,656.60 |
| तमिलनाडु | 3707 | 15242 | 1,98,37,707.76 |
| तेलंगाना | 7557 | 40311 | 4,39,26,756.34 |
| दादरा और नगर हवेली | 1860 | 10751 | 1,78,96,495.46 |
| त्रिपुरा | 10377 | 58600 | 7,49,86,446.72 |
| उत्तर प्रदेश | 139455 | 761735 | 1,16,01,98,928.46 |
| उत्तराखंड | 6563 | 39363 | 4,77,21,577.87 |
| पश्चिम बंगाल | 4868 | 20474 | 3,70,08,944.01 |
| **कुल योग** | **593412** | **3355661** | **4,77,25,16,438.95** |

*****